# विभाग हिन्दी

## विभागीय परिषद
## वार्षिक गतिविधि रिपोर्ट
## शैक्षणिक वर्ष: 2025–2026
## संस्थान: राजकीय महाविद्यालय मुवानी, पिथौरागढ़

### विभागीय परिषद का संक्षिप्त परिचय

हिन्दी विभागीय परिषद, छात्र केंद्रित शिक्षण और सहभागी शासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिन्दी विभाग की विभागीय परिषद शैक्षणिक वर्ष 2025–2026 में सक्रिय रूप से कार्यरत रही। परिषद ने छात्रों को शैक्षणिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक और विस्तार गतिविधियों में शामिल होने के अवसर प्रदान किए, जिससे पाठ्यक्रम के अतिरिक्त अनुभवात्मक सीखने और समग्र विकास को प्रोत्साहन मिला।

### उद्देश्य

- छात्रों की सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना।
- पाठ्यक्रम से परे शिक्षण–अधिगम को समृद्ध करना।
- संचार कौशल, रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच का विकास करना।
- सामाजिक, पर्यावरणीय और साहित्यिक जागरूकता को प्रोत्साहित करना।
- गुणवत्ता अभिलेखन और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन में सहयोग करना।
- भाषा और साहित्य के क्षेत्र को विस्तारित करना।

## विभागीय परिषद के उत्तरदायित्व

- ➢ परिषद में शामिल प्राध्यापक एवं विद्यार्थी विभाग की शैक्षणिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के नियोजन तथा सफल संचालन में सक्रिय सहभागिता निभाएँ।
- ➢ दोनों पक्ष विभाग में स्वस्थ संवाद, सहयोग एवं समन्वय बनाए रखते हुए समस्याओं और सुझावों को लोकतांत्रिक ढंग से प्रस्तुत करें।
- ➢ प्राध्यापक मार्गदर्शक की भूमिका में रहकर विद्यार्थियों को अकादमिक एवं सहपाठ्यक्रमीय - गतिविधियों के लिए प्रेरित करें, जबकि विद्यार्थी जिम्मेदारीपूर्वक उस मार्गदर्शन का पालन करें।

- परिषद के सभी सदस्य विभागीय अनुशासन, समयपालन एवं संस्थागत गरिमा का पूर्णतः पालन करें।
- परिषद द्वारा लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन में प्राध्यापक नेतृत्व प्रदान करें और विद्यार्थी सहयोगी भूमिका निभाएँ।
- प्राध्यापक तथा विद्यार्थी मिलकर हिंदी भाषा, साहित्य और संस्कृति के संवर्धन हेतु नवाचारी योजनाएँ एवं रचनात्मक गतिविधियाँ प्रस्तावित करें।

## विभागीय परिषद का गठन

### गठन तिथि: 18 अगस्त 2025

| क्र०सं० | पद का नाम | छात्र का नाम | पिता का नाम | कक्षा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष | राहुल प्रसाद | गोविन्द प्रसाद | बी०ए० तृतीय सेमे० |
| 2. | उपाध्यक्ष | निकिता सोनार | दिनेश राम | बी०ए० प्रथम सेमे० |
| 3. | सचिव | मीनाक्षी | बची राम | बी०ए० पंचम सेमे० |
| 4. | संयुक्त सचिव | प्रीति सोनार | पुष्कर राम | बी०ए० पंचम सेमे० |
| 5. | कोषाध्यक्ष | मनीषा रावत | नरेन्द्र सिंह रावत | बी०ए० तृतीय सेमे० |
| | | कक्षा प्रतिनिधि | | |
| 1. | उर्मिला जोशी | | नरेन्द्र चन्द्र जोशी | बी०ए० प्रथम सेमे० |
| 2. | हिमांशु कुमार | | विक्रम राम | बी०ए० प्रथम सेमे० |
| 3. | अंजली | | त्रिलोक सिंह | बी०ए० तृतीय सेमे० |
| 4. | भावना | | राकेश सिंह | बी०ए० तृतीय सेमे० |
| 5. | भावना | | कुन्दन राम | बी०ए० प्रथम सेमे० |

परिषद को सर्वसम्मति से समावेशी और लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए गठित किया गया।

प्रतिहस्ताक्षरित

प्रो०, डॉ० गिरीश चन्द्र पन्त
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय मुवानी
(पिथौरागढ़)

डॉ० रुपेश कुमार
विभागाध्यक्ष (हिन्दी विभाग)
राजकीय महाविद्यालय मुवानी
(पिथौरागढ़)

# हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियों का विवरण

## शैक्षणिक वर्ष: 2025–2026

### गतिविधि 1: हिन्दी विचार गोष्ठी

### मुख्य शीर्षक: "समकालीन सन्दर्भों में हिन्दी भाषा और साहित्य"

- 
- दिनांक: 17 सितम्बर 2025
- प्रकृति: शैक्षणिक और साहित्यिक
- सह-आयोजक: कोई नहीं
- स्थान: महाविद्यालय सभागार, हिन्दी विभाग
- प्रतिभागी संख्या: 67 (विविध)

### उद्देश्य:

- विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति बौद्धिक चेतना और सांस्कृतिक गौरव का विकास करना।
- हिंदी को केवल विषय नहीं, बल्कि जीवन-भाषा के रूप में स्थापित करना।
- समकालीन संदर्भों में हिंदी की प्रासंगिकता और सृजनात्मक शक्ति को उजागर करना।
- साहित्यिक अभिव्यक्ति के माध्यम से संवेदनशील, विवेकशील और जागरूक नागरिक तैयार करना।
- राजभाषा हिंदी के संवैधानिक, सामाजिक और राष्ट्रीय महत्व को सुदृढ़ करना।
- नवपीढ़ी को हिंदी के रचनात्मक, शोधात्मक एवं व्यावहारिक प्रयोगों के लिए प्रेरित करना।

### संक्षिप्त विवरण:

महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस के उपरान्त आयोजित "हिंदी विचार गोष्ठी" कार्यक्रम भाषा, साहित्य और संस्कृति के त्रिवेणी संगम के रूप में संपन्न हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य हिंदी को केवल संप्रेषण का माध्यम न मानकर उसे संवेदना, विचार और अस्मिता की जीवंत शक्ति के रूप में स्थापित करना था। कार्यक्रम में भाषण, कविता-पाठ, विचार-विमर्श एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के

माध्यम से हिंदी की ऐतिहासिक गरिमा, समकालीन स्वरूप और भविष्य की संभावनाओं पर सार्थक संवाद हुआ। विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता ने यह सिद्ध किया कि हिंदी आज भी युवाओं की चेतना में स्पंदित है और समय की मांग के अनुरूप स्वयं को निरंतर नव्य रूप में गढ़ रही है।

## परिणाम:

- ✓ विद्यार्थियों में हिंदी के प्रति नवीन दृष्टि और आत्मीय जुड़ाव विकसित हुआ।
- ✓ हिंदी भाषा के सृजनात्मक एवं व्यावहारिक पक्ष को लेकर जागरूकता बढ़ी।
- ✓ साहित्यिक अभिव्यक्ति के माध्यम से छात्रों की विचार-क्षमता और भाषिक कौशल में वृद्धि हुई।
- ✓ हिंदी के सामाजिक और राष्ट्रीय दायित्व को लेकर सकारात्मक विमर्श सशक्त हुआ।
- ✓ विद्यार्थियों में हिंदी के प्रति गौरवबोध और उत्तरदायित्व की भावना प्रबल हुई।
- ✓ कार्यक्रम ने हिंदी को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप सशक्त, सक्षम और प्रासंगिक भाषा के रूप में प्रतिष्ठित किया।



हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित "हिन्दी विचार गोष्ठी" में मेधावियों को शुभाशीष देते प्राचार्य महोदय एवं विचार प्रस्तुत करती प्राध्यापिका

**हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित "हिन्दी विचार गोष्ठी" में कार्यक्रम का संचालन करते प्राध्यापक**




**हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित "हिन्दी विचार गोष्ठी" में मेधावियों को पाठ्यक्रम गोष्ठी के विषय के सामंजस्य को समझाते संयोजक प्राध्यापक**







हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित "हिन्दी विचार गोष्ठी" में अपने जिज्ञासाओं को शांत करते विद्यार्थी









हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित "हिन्दी विचार गोष्ठी" में अपने जिज्ञासाओं को शांत करते विद्यार्थी



